## एक नजर में

### अपनी मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल मिला, एवं राजगढ़ आने का दिया निमंत्रण





**सरदारपुर ।** राजगढ़ क्षेत्र के भाजपा नेता मुकेश कावड़िया के नेत्रत्व में प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यछ हेमंत जी खंडेलवाल किसान मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यछ जयपाल जी चावडा से भेट कर स्वागत किया एवम राजगढ़ आने का निमंत्रण दिया साथ ही पर्देश मंत्री राहुल कोठारी संभागीय संगठन मंत्री राघवेंद्र जी गौतम धरमपुरी विधायक कालुसिग् जी ठाकुर से भी प्रदेश भाजपा कार्यालय मे मुलाकात हुई तत्पशात नगर की ब्राह्मण मोह्ल्ला के प्राथमिक विधालय स्कूल की बाउंड्रीवाल 29.12 लाख) सहित एवम छेत्र की आवश्यकताओं मांगलिक भवन, पंचायत भवन को लेकर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदयप्रताप सिंह जी, पंचायत राज्यमंत्री राधा सिंह जी नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा जी बाग्री, पी एच ई मंत्री श्रीमती सम्पतैया उइके सहित महिला बाल विकास के आयुक्त नगरीय प्रशासन के आयुक्त से भी भेट कर चर्चा की प्रतिनिधिमंडल मे युवा नेता महेश शर्मा सरपंच प्रतिनिधि कालू वास्केल जीवन भाई आदि शामिल थे

### जिला स्तरीय यूनिटी मार्च में केंद्रीय मंत्री ठाकुर होंगी शामिल

**कुक्षी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के





उपलक्ष्य में जिला स्तरीय यूनिटी मार्च यात्रा 20 नवंबर गुरुवार को बाग रोड स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल से प्रारंभ होगी.युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित यात्रा में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर भी शामिल होंगी.यात्रा को लेकर नगर भाजपा मंडल की बैठक प्रदेश भाजपा नेता जयदीप पटेल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष चंचल पाटीदार की मौजूदगी में कृषि उपज मंडी में आयोजित हुई.नगर मंडल अध्यक्ष युवराज सेप्टा नें बताया की राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के उद्देश्य को लेकर आयोजित इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या युवाओं मातृशक्ति के साथ नगर के नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से जु? कार्यकताओं के साथ अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर एकजुटता की भावना का परिचय देते हुए यात्रा को सफल बनाये.यात्रा का समापन शासकीय महाविद्यालय में होगा।बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश धा?ीवाल,मोहन चौपा?या,जयदीप गुंजाल आदि भाजपाइयों के साथ नगर मंडल के पदाधिकारी शामिल थे। उक्त जानकारी भाजपा मिडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता नें दी।

### साध्वी अमित गुणा श्रीजी का आज होगा विहार

**इंदौर.** 62 वर्ष के साधु जीवन में 100से ज्यादा दीक्षा देने वाली मातृ हृदया अमित गुणा श्रीजी मंगलवार सुबह 6बजे विहार कर रही है, बड़ी संख्या में श्वेतांबर जेन समाज जन श्री संघ को विदाई देगे. धरणीधर पार्श्वनाथ श्रीसंघ एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि शहर में ऐतिहासिक चातुर्मास और श्रावक श्रावीकों और समाज जनों को भक्ति आराधना के लिय भव्य तीन मंजिला उपाश्रय की सौगात देने वाली परम पूज्य साध्वी अमित गुणा श्री जी आज सुबह हाइलिंक सिटी स्थित पार्श्वनाथ मंदिर से साध्वी श्री संघ के साथ विहार करेगी.

### गोपाल स्नैक्स ने मोडासा में नमकीन का उत्पादन शुरू

**राजकोट.** गोपाल स्नैक्स लिमिटेड कंपनी ने उत्तरी गुजरात के मोडासा स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र में नमकीन का उत्पादन शुरू किया है. पहले इस प्लांट में आलू वेफर्स और फाइज़ का उत्पादन होता था और अब इस विस्तार के साथ यहां नमकीन का उत्पादन भी शुरू कर दिया गया है, जिससे कंपनी के राजकोट और नागपुर प्लांट के साथ-साथ मौजूदा उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि हुई है और साथ ही कंपनी का समग्र उत्पादन नेटवर्क भी मजबूत हुआ है. गोपाल स्नैक्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ राज हदवानी ने कहा कि राजकोट और मोडासा दोनों जगहों पर अपने ज़्यादातर नमकीन का उत्पादन करके, हम अपने वितरकों को तेज़ी से सेवा प्रदान कर पाएंगे. इसके अलावा, हम नए बाज़ारों में अपनी उपस्थिति को और बेहतर बना पाएंगे.

### एशियन पेंट्स का दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन

**इंदौर.** एशियन पेंट्स ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में केंद्रित नवाचार, अच्छे निष्पादन और पहलों के क्षेत्रीयकरण के माध्यम से एक मजबूत प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप एक मजबूत प्रदर्शन हुआ. लगभग 6% की मूल्य वृद्धि के साथ 10 .9% की सजावटी व्यापार मात्रा वृद्धि ने उद्योग की उम्मीदों को पीछे छोड़ दिया. यह वृद्धि विभिन्न क्षेत्रीय गतिविधियों और गहन विपणन और ब्रांड निर्माण उपायों के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मांग उत्पन्न करने की कंपनी की क्षमता से प्रेरित थी. कंपनी ने शहरी और ग्रामीण बाजारों में विकास हासिल किया. कुल मिलाकर, क्षेत्रीयकरण के दृष्टिकोण से, जो एक और बड़ी रणनीति है. बी2बी खंड ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, सरकारी और कारखाने की परियोजनाओं में वृद्धि के साथ मानसून के दौरान धीमी खुदरा मांग की भरपाई की.

### बालू फोर्ज ने वित्तीय परिणाम घोषित किए

**इंदौर.** प्रेसिजन इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. बीएफआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक जसपाल सिंह चंदोक ने प्रदर्शन के बारे में कहा 'चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में परिचालन से राजस्व 299 .5 करोड़ रुपये रहा, जो साल भर पहले से 34 .4 फीसदी अधिक है. तिमाही के दौरान 27 .6 फीसदी एबिटा मार्जिन के साथ एबिटा 82 .8 करोड़ रुपये रहा,

नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें-
स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180





# जैतपुरा में खेलों को जीवन शैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया

**मोदी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा मिल रहा है -केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर**

**धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप फिट इंडिया मूवमेंट के सपने को साकार करने एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर जैतपुरा में धार -महू लोकसभा क्षेत्र सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ मंगलवार को महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढा, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एसपी मयंक अवस्थी मंडल अध्यक्ष विशाल निगम मेरा युवा भारत जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जिला खेल अधिकारी राजेश शाक्य नरेश भावसार महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कुसुम सोलंकी उपस्थित रहे। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय एकता के प्रतीक,सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित विधिवत आरंभ किया। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी वस्तु के उपयोग व नशा मुक्त का संकल्प दिलाया तथा परिसर में पौधा रोपण भी किया।

4567





**सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने किया**

केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि यह खेल महोत्सव युवाओं में नई ऊर्जा, उत्साह और उत्कृष्टता का संचार करेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में %खेलो इंडिया% अभियान और %फिट इंडिया मूवमेंट% को गति प्रदान करते हुए यह महोत्सव युवा शक्ति में खेल संस्कृति, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और स्वस्थ जीवनशैली के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में खेलो को ब?ावा मिल रहा है। इस सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी और पंजा कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों के माध्यम से युवाओं को खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों की उभरती खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर, संसाधन और एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू हुआ यह महोत्सव युवा खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा। सांसद खेल महोत्सव के लिए तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण हुआ है। धार -महू लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। खेलों की शुरुआत अतिथियों ने बैडमिंटन खेल कर की। कार्यक्रम में राष्ट्र प्रेमी, विद्यार्थीगण, कार्यकर्ता बंधु एवं खेल विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। संचालन प्रवीण शर्मा ने किया।

## वाराहेश्वर नर्मदा पंचकोशी यात्रा का श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बाकानेर में हुआ स्वागत

**बाकानेर ।** 16 नवंबर को सुबह नर्मदा तट वारेहश्वर मंदिर बड़ा बडदा में नर्मदा पूजन ध्वज पूजन आरती नर्मदा अष्टक शिवाष्टक होकर मां नर्मदा जी के जय घोष नर्मदे हर नर्मदे हर के साथ सेंकड़ों मां नर्मदा भक्त यात्रियों के साथ पंचकोशी यात्रा प्रारंभ हुई। पंचकोशी यात्रा का यह तीसवां वर्ष है। ध्वजवाहक संतोष वर्मा नागर जी बाकानेर ध्वज लेकर आगे चल रहे थे। पंचकोशी यात्रा अजंदा होते हुए बाकानेर खेड़ापति हनुमान मंदिर में पहुंची जहां रात्रि विश्राम कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया रात्रि में पद यात्रियों द्वारा भजन कीर्तन किए गए पंचकोशी पद यात्रियों की ठहरने और भोजन की व्यवस्था श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति द्वारा की गई ।



सोमवार सुबह यात्रा मां चौसठ योगिनी माता जी के दर्शन करने के पश्चात बाकानेर से झिर्वी, टवलाई, महापुरा होकर गोगांव सुलगांव पहुंचेगी 18 नवंबर को नाव द्वारा नर्मदा जी पार का ब्राह्मण गांव से दवाना दोपहर विश्राम करने के पश्चात लखन गांव से सेमल्दा डेब में रात्रि विश्राम करेगी चौथे दिन 19 नवंबर सुबह से सेमल्दा डेब से तलवाड़ा बावडिया होकर लोहारा मां रामदुलारी जी आश्रम पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा पांचवे दिवस 20नवंबर को प्रात: अमावस्या का नर्मदा स्नान कर पदयात्री निर्मोही से नाव द्वारा नर्मदा पार कर बड़ा बडदा वाराहेश्वर मंदिर पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन होगा। यात्रा का जगह जगह ग्राम वासियों द्वारा स्वागत किया गया। पंचकोशी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। यात्रा संचालक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रथम यात्रा प्रारंभ होने के समय नर्मदा जी तट पर श्री वारहेश्वर महादेव जी का मंदिर बना हुआ था उन्हीं के नाम से यात्रा शुरू हुई थी डूब क्षेत्र में वराहेश्वर मंदिर का स्थापना बड़दा गांव बाहर उसी मूल स्वरूप में शासन द्वारा उक्त प्राचीन मंदिर को बनाया गया है यात्रा संचालक राधेश्याम शर्मा सनावद नारायण तारे ठीकरी राजेंद्र कुमार शर्मा खलघाट शंकर लाल यादव बड़वानी रायसिंह सोलंकी रतलाम जगदीश मंडलोई बड़दा शंकर कर्मा शालकराम ढोलक मास्टर ध्वजवाहक संतोष भाई सहित बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त यात्रा में उपस्थित थे। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा । बाकानेर चौकी प्रभारी प्रशांत पाल, प्रधान आरक्षक बिशन सिंह राकेश कन्नौज दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तेनात थे।

### ग्लोब एंटरप्राइजेस का लाभ 446 लाख पहुंचा

**इंदौर.** देश में कपड़ा, डेनिम और होम टेक्सटाइल के प्रमुख निर्माता ग्लोब एंटरप्राइजिस ने सितंबर-2025 में समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. कंपनी ने इस अवधि में मजबूत परिचालन प्रदर्शन और निरंतर कारोबारी गति दर्ज की है. कंपनी ने दूसरी तिमाही (सितंबर-2025) में 15,856 .26 लाख की आय दर्ज की है, जो पिछली तिमाही (जून 2025) की 14,844 .87 लाख की तुलना में 6 .81% की वृद्धि दर्शाती है. दूसरी तिमाही में पेट 446 .38 लाख रहा, जो पिछली तिमाही 139 .52 लाख की तुलना में 219 .94% की मजबूत बढ़ोतरी दिखाता है. ग्लोब एंटरप्राइजिस के प्रबंध निदेशक भाविक परिख ने कहा कि तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के हमारे मजबूत वित्तीय परिणाम कंपनी की परिचालन दक्षता और बाजार विस्तार पर हमारे विशेष फोकस को दर्शाते हैं.

## मनमोहक पार्श्वनाथ प्रतिष्ठा महोत्सव के अध्यक्ष भामाशाह जयसिंह जैन का बहुमान

***जैन श्री संघ तथा नगर पत्रकार संघ टांडा ने किया बहुमान***

**टांडा( धार )-** गत दिवस इन्दौर में रेसकोर्स रोड पर मनमोहन पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिष्ठा के अंतर्गत 6 दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य जयानंद सूरीश्वरजी एवं दिव्यानंद सूरीश्वरजी के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी टांडा के जयसिंह जैन के द्वारा लिया गया। प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान



प्रतिदिन भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध गायको द्वारा प्रभु भक्ति की गई। आगंतुकों के लिए चांदी की थाली में भोजन की व्यवस्था की गई। प्रतिष्ठा महोत्सव के अध्यक्ष जयसिंह जैन(टांडा वाले) ने महोत्सव में तन-मन-धन से सहयोग दिया । इनके द्वारा महोत्सव में फले चुंदरी(नगर चौरासी) लाभ भी लिया गया जो सामाजिक समरसता की मिसाल बनी। महोत्सव अंतर्गत पंचम दिवस बहुमान समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत एवं कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में जयसिंह जैन को भामाशाह की उपाधि से भी अलंकृत किया गया। इस अवसर पर टांडा जैन श्रीसंघ एवं नगर पत्रकार संघ द्वारा महोत्सव के मुख्य लाभार्थि परिवार के राजेंद्र जैन एवं भामाशाह जयसिंह जैन का बहुमान किया गया। श्रीसंघ के अध्यक्ष पारस जैन,प्रकाश चंद जैन,पारस हरण,प्रदीप गादीया व श्रीसंघ के सदस्य के द्वारा प्रशस्ति पत्र व श्रीफल भेंट कर बहुमान किया वही नगर पत्रकार संघ द्वारा अध्यक्ष निर्मल जैन, विजय माहेश्वरी, अवदेश सचान,हितेश वर्मा ,शुभम गादिया,सुमित माहेश्वरी के द्वारा लाभार्थी परिवार के राजेंद्र जैन व भामाशाह की उपाधि से अलंकृत जयसिंह जैन को शाल श्रीफल भेंट कर बहुमान किया गया। गौरतलब है कि फले चुंदरी के लाभार्थि राजेंद्र जैन जयसिंह जैन(टांडा-इन्दौर-मुंबई), के द्वारा इंदौर व देश-विदेश से आए लगभग 35000 भक्त जनों को चांदी की थाली में सुव्यवस्थित बैठाकर भोजन करवाया गया जिसका रिकॉर्ड लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया। जिसका प्रशस्ति पत्र ट्रस्ट मंडल को बहुमन सभा में भेंट किया।

**गतिवरोधक खत्म** | **सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती महोत्सव पर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

# यूनिटी मार्च में युवाओं का दिखा उत्साह, तीन किमी निकाली पदयात्रा





**धार।** राष्ट्रीय एकता के प्रतीक,सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष महोत्सव के उपलक्ष में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा माय भारत धार के संयुक्त तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मे?ा और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एसपी मयंक अवस्थी ने भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में यूनिटी मार्च पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान मेरा युवा भारत जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जिला खेल अधिकारी राजेश शाक्य नरेश भावसार जसप्रीत डंग कुसुम सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यूनिटी मार्च पदयात्रा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) जैतपुरा से प्रारंभ होकर आदर्श रो? होते हुए लाल बाग परिसर धार में समापन हुआ। जिसमे सैक?ो युवा देश भक्ति गीतों के साथ हाथो तिरंगा लेकर चल रहे थे। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना को सुदृ? करना, समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना तथा देश की एकता और अखंडता के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित करना है।

केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि आज का यह आयोजन न केवल एकता और अखंडता का संदेश देता है, बल्कि स्वाभिमानी, स्वावलंबी और संगठित भारत के मार्ग को भी सशक्त करता है।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सरदार पटेल की राष्ट्रभावना और आत्मगौरव की ही पुनर्प्रतिष्ठा है। यूनिटी मार्च पदयात्रा में ब?ी संख्या में युवा, सामाजिक संगठन,माय भारत स्वयंसेवक और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों के शामिल हुए ।